मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–12, अंक–11, मार्च 2012

**किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545**

## उदयपुर में हुई गुजरात क्षेत्र की वार्षिक डीलर्स मीट



कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने अपने मार्केटिंग नेटवर्क को मजबूत बनाने और अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए उदयपुर के होटल इंदर रेजीडेंसी में गुजरात क्षेत्र के डीलरों की सालाना बैठक आयोजित की। 16 और 17 मार्च को हुए इस विशाल कार्यक्रम में कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल, गुजरात में कामधेनु इस्पात लिमिटेड के महाप्रबंधक श्री सुशील चौधरी, मेसर्स सोमेश्वर इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री योगेश पटेल, श्री मंगल पटेल, श्री मुकेश पटेल, श्री राकेश पटेल और श्री प्रकाश पटेल के साथ ही गुजरात के 270 से ज्यादा डीलरों ने हिस्सा लिया।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने डीलर्स मीट को संबोधित करते हुए कहा, "गुजरात कंपनी के लिए सबसे अहम बाजारों में से एक है। गुजरात देश का सबसे तेजी से बढ़ता राज्य है और पिछले कुछ सालों में इसने बहुत तेजी से विकास किया है। गुजरात में विकास की रफ्तार को देखते हुए हम यहाँ विकास की अपार संभावनाएं देख रहे हैं। कामधेनु इस्पात लिमिटेड देश की कुछ चुनिंदा कंपनियों में से है जिनके पास 500डी और एफई–500 जैसे अतिउन्नत किस्मों का इस्पात बनाने की क्षमता है। हम गुजरात में अपने फ्रैंचाइजी सहयोगी के साथ मिलकर राज्य में उच्च गुणवत्ता का इस्पात बना रहे हैं। हमें उम्मीद है कि हम राज्य में अहम बाजार हिस्सेदारी हासिल कर सकेंगे।"

वहीं दूसरी ओर लाइसेंस समझौते के तहत गुजरात में कामधेनु ब्रैंड के टीएमटी स्टील का उत्पादन करने वाली सोमेश्वर इस्पाल प्रा. लिमिटेड के निदेशक श्री मुकेश भाई पटेल ने कहा, "गुजरात में स्टील की भारी मांग है, जिससे यहां अपनी बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने के अपार अवसर हैं। हमें कामधेनु जैसे ब्रैंड के साथ जुड़ने में खुशी है और हम उत्पादन क्षमता बढ़ाने पर विचार कर रहे हैं।"

डीलरों को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रम के दौरान कई पुरस्कारों का ऐलान किया गया। डीलरों को **सुपर डीलर अवार्ड, वैल्युएबल डीलर अवार्ड, एक्सिलेंट डीलर अवार्ड और एमर्जिंग डीलर अवार्ड** जैसे सम्मान दिए गए। इस कार्यक्रम में गुजरात के वितरक श्रीजी स्टील सप्लायर के श्री राकेश भाई पटेल, चिंतन स्टील के श्री हितेश भाई शाह और कशिश एंटरप्राइजेज के श्री मनोज भाई शाह भी उपस्थित थें।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड देश के हर हिस्से में इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित करती है। इसका उद्देश्य अपने डीलरों और डिस्ट्रीब्यूटरों को अपने लक्ष्य के प्रति जागरूक करने और लक्ष्य हासिल करने की दिशा में हर संभव कोशिश करने के लिए प्रोत्साहित करना है।



# मुकुल राय बने नए रेल मंत्री



इस बार के रेल बजट में सभी श्रेणियों के लिए किराया बढ़ाना रेल मंत्री दिनेश त्रिवेदी के लिए भारी पड़ा। त्रिवेदी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने इस फैसले का कड़ा विरोध किया। नतीजा यह हुआ कि रेल बजट पेश करने के एक हफ्ते के भीतर ही दिनेश त्रिवेदी को रेल मंत्री के पद से इस्तीफा देना पड़ा। तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी ने पार्टी के एक अन्य नेता मुकुल रॉय को नया रेल मंत्री बनवा दिया। रेल मंत्री मुकुल रॉय ने पद संभालते ही सामान्य और थर्ड एसी श्रेणी के किराये में बढ़ोतरी वापस ले ली। हालांकि एसी फर्स्ट क्लास और सेकंड एसी क्लास के किराये में बढ़ोतरी लागू रहेगी।

दिनेश त्रिवेदी ने रेलवे की खस्ता हालत का हवाला देकर 8 साल बाद किराये में 10 से 20: तक की बढ़ोतरी का ऐलान किया था। हालांकि कांग्रेस के साथ रेलवे की तमाम कर्मचारी यूनियनें रेल किराये में बढोतरी का समर्थन कर रही थीं। लेकिन ममता बनर्जी को किराया बढ़ाना पसंद नहीं आया और उन्हें मजबूरन अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा।

# सस्ती दवाओं का रास्ता साफ



12 मार्च को भारतीय पेटेंट कार्यालय ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया, जिसका भारतीय दवा उद्योग पर दूरगामी असर पड़ेगा। भारतीय पेटेंट कार्यालय ने पहली बार अनिवार्य लाइसेंस नियम का सहारा लेते हुए हैदराबाद की नैटको फार्मा को कैंसर की दवा नैक्सावर के निर्माण और बिक्री की इजाजत दे दी। नैक्सावर का पेटेंट जर्मनी की बहुराष्ट्रीय दवा कंपनी बेयर कॉर्पोरेशन के पास है।

नैटको की नैक्सावर के महीने भर की खुराक यानि 120 टैबलेट की कीमत 8,880 रुपये होगी। वहीं बेयर भारतीय बाजार में यही दवा 2.80 लाख रुपये प्रति 120 टैबलेट की भारी भरकम कीमत पर बेचती है। हालांकि नैटको को हर तीन महीने में कुल बिक्री का 6: रॉयल्टी के तौर पर बेयर को चुकाना होगा।

जाहिर है इससे बेहद महंगी दवाओं के सस्ते होने का रास्ता खुल गया है। लेकिन इस फैसले ने भारतीय फार्मा उद्योग ने हलचल मचा दी है। भारतीय दवा कंपनियां और स्वास्थ्य संगठन जहाँ इस फैसले का समर्थन कर रहे हैं। वहीं विदेशी दवा कंपनियां नई दवाओं के विकास में निवेश की कमी का हवाला देकर इसका विरोध कर रहे हैं।

# इनकम टैक्स छूट बढ़ी



वित्त मंत्री प्रणब मुखर्जी ने इस बार के बजट में इनकम टैक्स छूट बढ़ाकर मध्यवर्गीय परिवारों को तोहफा दिया है। वित्त मंत्री ने डायरेक्ट टैक्स कोड के प्रावधानों के मुताबिक इनकम टैक्स छूट की सीमा 1.80 लाख रुपये से बढ़ाकर 2 लाख रुपये कर दी। मतलब सालाना 2 लाख रुपये की कमाई तक कोई टैक्स नहीं चुकाना होगा।

नये टैक्स स्लैब के मुताबिक 2 लाख से 5 लाख रुपये तक की कमाई पर 10: टैक्स चुकाना होगा। वहीं 5 लाख से 10 लाख तक की कमाई पर 20: टैक्स देना होगा। इससे ज्यादा की कमाई पर 30:टैक्स चुकाना होगा।

यही नहीं वित्त मंत्री ने शेयर बाजार में आम निवेशकों की भागीदारी बढ़ाने के लिए राजीव गांधी इक्विटी सेविंग स्कीम भी शुरू की है। इसके तहत सालाना 50,000 रुपये तक के निवेश पर 50: टैक्स छूट का फायदा मिलेगा। हालांकि इस योजना का फायदा सालाना 10 लाख से कम आय वालों को ही मिलेगा।

यही नहीं 5 लाख सालाना आय वालों को बचत खाते पर 10,000 रुपये तक के ब्याज पर टैक्स नहीं देना होगा।

# कामधेनु का ऊना में ठेकेदार जागरुकता (CAP) अभियान




कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने हिमाचल प्रदेश के ऊना में ठेकेदार जागरुकता अभियान का आयोजन किया। 23 फरवरी को ऊना के होटल न्यूयॉर्क प्लाजा में आयोजित उपभोक्ता जागरुकता कार्यक्रम में ऊना और आसपास के क्षेत्रों के 100 से ज्यादा ठेकेदारों ने हिस्सा लिया। ठेकेदारों को कामधेनु के उत्पादों की जानकारी देते हुए हिमाचल प्रदेश में कामधेनु इस्पात लिमिटेड के महाप्रबंधक श्री राकेश मिसरी ने कहा, "हम टीएमटी सरिया बनाने में नवीनतम तकनीक का उपयोग कर रहे हैं। कंपनी ने अपनी युनिटों में टीएमटी बॉक्स लगाया है जिससे कामधेनु के टीएमटी सरिया में आसानी से जंग नहीं लगता। इमारत में टीएमटी शरीर में रीढ़ की हड्डी की तरह होती हैं। ऐसे में इनकी गुणवत्ता के साथ समझौता नहीं किया जाना चाहिए।"

कामधेनु इस्पात लिमिटेड के विपणन प्रबंधक श्री रवि नूनिया ने कार्यक्रम में उपस्थित ठेकेदारों को कंपनी के नवीनतम उत्पादों और उनकी गुणवत्ता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में ठेकेदारों को ये भी जानकारी दी गई कि कामधेनु टीएमटी अन्य ब्रैंड्स से बेहतर क्यों है।

सीएपी के दौरान ऊना में बेहतर प्रदर्शन करने वाले कामधेनु के डीलर श्री अश्विनी अग्रवाल को **'अवॉर्ड फॉर एक्सिलेंस'** से सम्मानित भी किया गया। इसके साथ ही कामधेनु के उत्पादों की पहुंच बढ़ाने में योगदान करने वाले ठेकेदारों को सम्मानित भी किया गया। कामधेनु के अधिकारी उपस्थित ठेकेदारों को कंपनी के उत्पादों की गुणवत्ता से प्रभावित करने में पूरी तरह कामयाब रहे।

# मुरादाबाद पेंट व्यापार मेले में कामधेनु की धाक

कामधेनु पेंट्स, ***Color Dreamz*** पेंट व्यापार मेले में आए डीलरों को प्रभावित करने में पूरी तरह कामयाब रहा। 20 मार्च को मुरादाबाद के मदुराम हेरिटेज में आयोजित पेंट व्यापार मेले में 1000 से ज्यादा पेंट डीलरों ने हिस्सा लिया।

कामधेनु पेंट्स, ***Color Dreamz*** ने पिछले 3 सालों की तरह इस साल भी उत्तर प्रदेश पेंट व्यापार मंडल (पश्चिम) की ओर से आयोजित इस पेंट व्यापार मेले में अपना स्टॉल लगाया। कामधेनु पेंट्स, ***Color Dreamz*** ने अपने स्टॉल पर कंपनी के सभी उत्पाद प्रदर्शित किए थे।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कामधेनु पेंट्स, ***Color Dreamz*** के प्रतिनिधि श्री कमल शर्मा ने उपस्थित डीलरों को संबोधित करते हुए कहा, "अपनी बेहतरीन गुणवत्ता की वजह से कामधेनु पेंट्स, ***Color Dreamz*** की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। कामधेनु पेंट्स के इस्तेमाल से दीवारों की खूबसूरती में चार चांद लग जाता है। मैं कामधेनु पेंट्स के मेहनती डीलरों का धन्यवाद करना चाहता हूँ जिनकी वजह से कामधेनु पेंट्स को अहम बाजार हिस्सेदारी हासिल करने में मदद मिली है।" पेंट व्यापार मेले में पेंट क्षेत्र की सभी दिग्गज कंपनियों ने




स्टॉल लगाए थे। कामधेनु पेंट्स, ***Color Dreamz*** को इस मेले के माध्यम से डीलरों के बीच पैठ बढाने में मदद मिली है।

**बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ**

श्री जगजीत सिंह
**मैसर्स पंजाब हार्डवेयर एण्ड पेन्ट स्टोर**
1–फिरोज गांधी नगर, सिवील लाइन
रायबरेली, उत्तर प्रदेश
फोन: 09452278555

श्री नवल शर्मा
**मैसर्स शर्मा हार्डवेयर,**
नई कोर्ट के पास
पोस्ट–छाबरा, जिला–बारन,
राजस्थान, फोन: 9928239669

श्री नरेंद्र श्रीवास्तव,
**मैसर्स सुन्दर लाल स्टील ट्रेडस**
पांद्री रोड़, रायपुर।
फोन: 9826179499

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2012-14



# कामधेनु का विक्रेता मिलन समारोह

कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने 27 फरवरी को बिहार में मुजफ्फरपुर के होटल अतिथि में विक्रेता मिलन समारोह आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा, पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण के स्टील विक्रेताओं को एक मंच पर लाना था। कार्यक्रम का आयोजन शुभम एसोसिएट्स के श्री महेष टिकमानी जी के सहयोग से हुआ था।

इस कार्यक्रम में कामधेनु इस्पात लिमिटेड के महाप्रबंधक श्री योगराज पंडित एवं बिहार में अधिकृत लाइसेंस धारक मैसर्स दादी जी स्टील्स लिमिटेड के निदेशक श्री रमेश गुप्ता विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद थे।




इस कार्यक्रम में राज्य में कामधेनु इस्पात लिमिटेड की बाजार हिस्सेदारी और बढ़ाने की रणनीति पर चर्चा की गई। साथ ही डीलरों को प्रोत्साहित करने के लिए कई योजनाओं का ऐलान भी किया गया। डीलरों ने भी कामधेनु जैसे राष्ट्रीय ब्रैंड के साथ जुड़ने में हर्ष जताया। पिछले 15 सालों के दौरान कामधेनु पूरे देशभर में एक मजबूत राष्ट्रीय ब्रैंड के तौर पर उभरा है, जिसकी हर वर्ग में स्वीकार्यता है।

विक्रेता मिलन समारोह में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले तीन डीलरों को सम्मानित भी किया गया। समस्तीपुर के **सुरेखा ट्रेडर्स** को पहला और दरभंगा के **समदर्शी ट्रेडिंग** को दूसरा पुरस्कार मिला। चकिया के **कृष्णा ट्रेडिंग कंपनी** को तीसरा पुरस्कार मिला।

# कामधेनु जीवन धारा द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

कामधेनु समूह की सामाजिक पहल कामधेनु जीवन धारा सामाजिक उत्थान के लक्ष्य से कई तरह की योजनाएं चला रही है। इसी कड़ी में कामधेनु जीवन धारा ने 21 मार्च को डीएलएफ साइबर सिटी, गुड़गांव में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। कामधेनु जीवन धारा के इस स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में हर उम्र के लोगों ने जोशीले अंदाज में हिस्सा लिया। लेकिन खासकर नई पीढ़ी का उत्साह देखते ही बना। यही वजह है कि रक्तदान में युवा पीढ़ी सबसे आगे रही।

कामधेनु जीवन धारा की चेयपर्सन श्रीमती राधा अग्रवाल ने इस मौके पर कहा, "रक्त दान सबसे बड़ी मानवीय सेवा है। रक्त दान से हजारों लोगों को नया जीवन मिल सकता है। ऐसे में सभी लोगों को जब भी मौका मिले, रक्त दान जरूर करना चाहिए। मानवता के लिए इससे बड़ी सेवा कुछ और नहीं हो सकती है।"

इस अवसर पर कामधेनु परिवार के सदस्यों ने अपना विचार रखते हुए कहा कि इस तरह के रक्तदान शिविर समय–समय पर आयोजित होना चाहिए। उन्होने यह भी कहा कि इस शिविर के माध्यम से हम सामाजिक सेवा के साथ–साथ लोगो को रक्तदान के प्रति जागरूक भी कर सकते हैं।

कामधेनु जीवन धारा सामाजिक विकास की कई योजनाएं चला रही है। संस्था ने समाज के कमजोर तबके के बच्चों के लिए 5वीं तक मुफ्त शिक्षा की व्यवस्था की है। साथ ही बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा भी दी जा रही है।

















Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com